वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद्
अनुसंधान भवन , 2, रफ़ी मार्ग, नई दिल्ली – 110001

स. 3-3(b)/2026-E. I

दिनांक:15.10.2026

विषय: (क) बेंचमार्क दिव्यांगता वाले उम्मीदवारों की पूर्वव्यापी (Retrospective) पदोन्नति तथा परिणामस्वरूप उच्च श्रेणी के लिए वरिष्ठता में परिवर्तन; (ख) किसी अधिकारी की गोपनीय रिपोर्ट (सीआर)/वार्षिक कार्य निष्पादन मूल्यांकन रिपोर्ट (एपीएआर) ग्रेडिंग के पूर्वव्यापी उन्नयन (retrospective upgradation) के कारण विभागीय पदोन्नति समितियों की समीक्षा (Review DPC) I

क. बेंचमार्क दिव्यांगता वाले उम्मीदवारों की पूर्वव्यापी पदोन्नति तथा परिणामस्वरूप उच्च श्रेणी के लिए वरिष्ठता में परिवर्तन के कारण Review DPC:

(i) कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) के दिनांक 28.12.2023 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 36012/1/2020-Estt. (Res-II) के माध्यम से पदोन्नति के लिए पात्र बेंचमार्क दिव्यांगता वाले उम्मीदवारों पर विचार किए जाने के संबंध में अनुदेश जारी किए थे, जिसे दिनांक 26.02.2024 के सीएसआईआर के पत्रांक 5-1(39)/2008-PD द्वारा पृष्ठांकित किया गया था । तदनुसार, सीएसआईआर के दिनांक 04.11.2024 की सूचना संख्या 3-3(b)/2025-E.I के माध्यम से अवर सचिव/प्रशासनिक अधिकारी तथा समकक्ष पदों के लिए पात्र बेंचमार्क दिव्यांगता वाले उम्मीदवारों हेतु विभागीय पदोन्नति समितियों (डीपीसी) की समीक्षा अधिसूचित की गई थीं।

(ii) तत्पश्चात्, दिनांक 22.11.2024 को संपन्न हुई डीपीसी की समीक्षा सिफारिशों पर, महानिदेशक, सीएसआईआर ने सीएसआईआर के दिनांक 02.12.2024 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 3-3(b)/2025-E. I के माध्यम से श्री महेंद्र सिंह, प्रशासन नियंत्रक (Retd.), CSIR-CFTRI को दिनांक 23.02.2017 से Notionally रूप से अवर सचिव/प्रशासनिक अधिकारी के पद पर सहर्ष पदोन्नत किया ।

(iii) परिणामस्वरूप, अवर सचिव/प्रशासनिक अधिकारी के रूप में उनकी वरिष्ठता पूर्वव्यापी प्रभाव से संशोधित की जाती है तथा वे दिनांक 01.01.23 को न्यूनतम 05 वर्ष की पदावधि (रेजीडेंसी अवधि) और दिनांक 01.01.2022 की स्थिति के अनुसार 04 वर्ष की अवधि पूरी कर लेते । उप सचिव/प्रशासन नियंत्रक के पद के लिए पदावधि (रेजीडेंसी अवधि) 05 वर्ष है, तथापि, चूंकि पात्र अभ्यर्थियों की संख्या रिक्तियों की संख्या से कम थी, इसलिए रिक्ति वर्ष 2022 में उप सचिव/प्रशासन नियंत्रक के पद के लिए 01 वर्ष की छूट प्रदान की गई थी । तदनुसार, श्री महेंद्र सिंह रिक्ति वर्ष 2022 के लिए पात्र हो जाते । इस प्रकार, इसके परिणामस्वरूप रिक्ति वर्ष 2022 के लिए उप सचिव/प्रशासन नियंत्रक के पद हेतु डीपीसी के समक्ष रखी गई वरिष्ठता सूची में भिन्नता पाई गई है ।

(iv) तदनुसार, डीओपीटी के दिनांक 10.04.1989 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 22011/5/86-Estt. (D) के आलोक में, रिक्ति वर्ष 2022 के लिए उप सचिव/प्रशासन नियंत्रक के पद हेतु एक समीक्षा डीपीसी दिनांक 17.11.2026 को अनंतिम रूप से निर्धारित की गई है ।

(v) समीक्षा डीपीसी द्वारा श्री महेंद्र सिंह को पदोन्नति हेतु उपयुक्त के रूप में अनुशंसित/मूल्यांकित किए जाने की स्थिति में, एक अधिसंख्य पद (Supernumerary Post) के सृजन/अनुमोदन का प्रस्ताव व्यय विभाग को

1/4

अग्रेषित किया जाएगा तथा जैसे ही और जब भी अनुमोदन प्राप्त होगा, तदनुसार इनको Notionally पदोन्नति प्रदान की जाएगी ।

(vi) समीक्षा डीपीसी के संबंध में अनंतिम विवरण अनुबंध-I पर उल्लिखित हैं ।

ख. किसी अधिकारी की गोपनीय रिपोर्ट (सीआर)/वार्षिक कार्य निष्पादन मूल्यांकन रिपोर्ट (एपीएआर) ग्रेडिंग के पूर्वव्यापी उन्नयन (retrospective upgradation) के कारण विभागीय पदोन्नति समितियों की समीक्षा (Review DPC):

(i) श्री अभिषेक चंद्रा, अवर सचिव, सीएसआईआर मुख्यालय ने अनुभाग अधिकारी के रूप में, रिपोर्टिंग वर्ष 2018-19 तथा 2019-20 के लिए अपनी ओ-एपीएआरएस में ग्रेडिंग के उन्नयन की मांग करते हुए दिनांक 24.12.2021 का एक अभ्यावेदन प्रस्तुत किया था । सक्षम प्राधिकारी द्वारा मामले की जांच की गई तथा सीएसआईआर के दिनांक 09.09.2022 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 16-01(43/6/2021-C.COACR के माध्यम से वर्ष 2018-19 के लिए ग्रेडिंग का उन्नयन किया गया ।

(ii) तत्पश्चात्, उन्होंने रिक्ति वर्ष 2021 के लिए समीक्षा डीपीसी की मांग करते हुए आवेदन प्रस्तुत किया, क्योंकि वर्ष 2018-19 की ओ-एपीएआर, रिक्ति वर्ष 2021 के लिए डीपीसी द्वारा मूल्यांकन हेतु गणनीय अवधि (विचारणीय अवधि) के अंतर्गत आती है ।

(iii) उपर्युक्त अनुरोध पर डीओपीटी के दिनांक 10.04.1989 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 22011/5/86-Estt. (D) के अंतर्गत सक्षम प्राधिकारी द्वारा विचारोपरांत इसे स्वीकार कर लिया गया है । तदनुसार, रिक्ति वर्ष 2021 के लिए अवर सचिव/प्रशासनिक अधिकारी के पद हेतु समीक्षा डीपीसी दिनांक 17.11.2026 को अनंतिम रूप से निर्धारित की गई है ।

(iv) समीक्षा डीपीसी द्वारा श्री अभिषेक चंद्रा को पदोन्नति हेतु उपयुक्त के रूप में अनुशंसित/मूल्यांकित किए जाने की स्थिति में, रिक्ति वर्ष 2027 की डीपीसी के लिए उप सचिव/प्रशासन नियंत्रक के पद हेतु उनके विचार क्षेत्र (ZOC) में होने (अथवा आने) की अपेक्षा है । तदनुसार, इसके लिए उन पर विचार किया जायेगा।

(v) समीक्षा डीपीसी के संबंध में अनंतिम विवरण अनुबंध-II पर उल्लिखित हैं ।

ग. अनंतिम विवरण के संबंध में कोई भी निवेदन/अभ्यावेदन दिनांक 21.10.2026 तक केवल ईमेल आईडी ccoe1.hqrs@csir.res.in पर ही भेजा जा सकता है । इसके पश्चात्, किसी भी अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा ।

15/10/26

(सुनील कुमार)
उप सचिव
ईमेल आईडी: ccoe1.hqrs@csir.res.in

<u>सभी संबंधित सामान्य संवर्ग के अधिकारी (सीसीओज़)</u>
सीएसआईआर वेबसाइट/ईमेल के माध्यम से

Annexure-I

For the post of DS/COA, Vacancy Year: **2022,** Crucial Date of Eligibility - **01.01.2022**

Post	Vacancy Year	Details of Posts and Vacancies					Total Vacancies	ZOC	Eligible candidates in ZOC	Remarks
		SS	FU	EV	AV	CV				
DS/COA	2022	49	30	19	NIL	03	22	48	04* + 01$	All the then 04 eligible officers had already been assessed or was given opportunity to be assessed by Original DPC. Therefore, only Sh. Mahendra Singh is to be assessed by Review DPC.

* There were no eligible officers in ZOC. The qualifying service was relaxed to 04 years, as per ASRP Rules, by DG, CSIR. Accordingly, 04 Officers were then eligible.

$ Due to notional promotion and consequential change in seniority, Sh. Mahendra Singh would have also become eligible after the relaxation of qualifying service to 04 years.

Annexure-II

For the post of US/AO, Vacancy Year: **2021,** Crucial Date of Eligibility - **01.01.2021**

Post	Vacancy Year	Details of Posts and Vacancies					Total Vacancies	ZOC	Then Eligible candidates in ZOC	Remarks
		SS	FU	EV	AV	CV				
US/AO	2021	77	72	05 (UR-05)	NIL	11	16	36	36	All the then eligible officers had already been assessed or was given opportunity to be assessed by Original DPC. Therefore, only Sh. Abhishek Chandra is to be assessed by Review DPC.